## बीएचईएल ने वित्तीय वर्ष 2009-10 में अब तक का सर्वाधिक 233% इक्विटी लाभांश प्रदान किया

वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिये अंतिम 233% लाभांश प्रदान करने के साथ ही भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने बढ़ी हुई इक्विटी कैपीटल पर बोनस पश्चात इक्विटी लाभांश लगभग 233% प्रदान किया जो गत वर्ष 170% था। इसमें इससे पूर्व दिया गया 110% अन्तरिम लाभांश भी शामिल है।
1,141 करोड़ रूपये का यह लाभांश कम्पनी द्वारा प्रदान किये गये लाभांश में अब तक का सर्वाधिक है।

इसके साथ ही कम्पनी ने पिछले तीन दशकों से निर्बाधित रूप से लाभ अर्जित करने और निवेशकों को लाभांश प्रदान करने के अपने बेजोड़ ट्रैक रिकार्ड को बनाए रखा है।

भारत सरकार की इक्विटी (67.72%) पर वर्ष 2009-10 के लिए 407 करोड़ रूपये का अन्तिम लाभांश का चैक आज यहां माननीय केन्द्रीय मंत्री, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम, श्री विलास राव देशमुख को श्री अरूण यादव, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्य मंत्री, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार भारी उद्योग विभाग, श्री सौरभ चन्द्र, संयुक्त सचिव भारी उद्योग विभाग, श्री राजीव बंसल की उपस्थिति में बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, श्री बी.पी. राव ने प्रदान किया। बीएचईएल के निदेशक मण्डल के साथ-साथ भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय और बीएचईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद थे।

वित्तीय वर्ष 2009-10 में बीएचईएल ने गत वर्ष की वृद्धि वेग को बनाए रखते हुए 22% टाप लाइन वृद्धि और अब तक के सर्वाधिक 24,154 करोड़ रूपये के कुल कारोबार के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कम्पनी के शुद्ध लाभ (पीएटी) में भी 37% की भरपूर वृद्धि दर्ज हुई जो अब तक की सर्वाधिक 4311 करोड़ रूपये है। उल्लेखनीय है कि पिछले पांच वर्ष में बीएचईएल के कुल कारोबार में तीन गुना और शुद्ध लाभ में चार गुना वृद्धि हुई है।

अन्तर्राष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद कम्पनी ने 59,037 करोड़ रूपये के ऑर्डर प्राप्त किये। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 1,44,000 करोड़ रूपये से अधिक की ऑर्डर बुक स्थिति के साथ, जो वास्तविक के साथ-साथ वित्तीय रूप में अब तक के सर्वाधिक हैं, कम्पनी वर्ष 2011-12 और उससे आगे के समय में भी सुदृढ़ वृद्धि की अपेक्षा करती है।

उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में बीएचईएल को सार्वजनिक और निजि क्षेत्र के बीच दिये जाने वाले सबसे अधिक सात " एक्सीलैंस इन कास्ट मैनेजमेंट हेतु आईसीडब्ल्यूएआई राष्ट्रीय पुरस्कार " प्रदान किये गये हैं। बीएचईएल को यह पुरस्कार लगातार पाचवें वर्ष दिया गया है। इससे पहले वर्ष 2005, 2006, 2007 और 2008 के लिए बीएचईएल को पुरस्कार दिये गये थे। उत्कृष्ट लागत प्रबन्धन लागू करने के कारण बीएचईएल वर्ष 2009-10 में लागत सामग्री में 2.8% की कमी करने में सफल रही।

बीएचईएल देश के विद्युत विकास कार्यक्रम के प्रति प्रतिबद्ध है और उच्च तकनीक, अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं एवं प्रशिक्षित तकनीकी श्रमिकों से अपने को सुसज्जित कर भविष्य में देश की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु भारतीय विद्युत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करती है। कम्पनी ने अपने यहां 15,000 मेगावाट प्रति वर्ष की क्षमता को स्थापित कर लिया है और 20,000 मेगावाट प्रति वर्ष की क्षमता स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।